## खबर संक्षेप

### दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत महिलाओं को दिया जायेगा प्रशिक्षण



**बड़वानी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला बड़वानी द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अन्तर्गत झील प्रायवेट लिमिटेड बदनावर काउंसिल सेटर एवं अक्षत वेलफेयर एजुकेशन स्किल सेंटर समर्थ के माध्यम से प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। मोबिलाइजेशन सेंटर प्रशिक्षण सेटर का शुभारंभ बड़वानी में 2 जून 2025 को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला के द्वारा गया । सिलाई केंद्र पर महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण प्रदाय किया जा कर न्यू झील फैशन वियर बदनावर में ही रोजगार भी प्रदाय किया जाएगा । इस प्रशिक्षण केन्द्र पर सिकल सेल पीडित महिलाओं को प्राथमिकता के तौर पर प्रशिक्षण प्रदाय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । इस अवसर पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से श्री योगेश कुमार तिवारी, जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमती अनुराधा पाटीदार, जिला प्रबंधक कौशल उन्नयन व झील कंपनी से अजय परमार और नरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे ।

### आईटीआई खण्डवा में जिलास्तरीय युवा संगम आज

**खंडवा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय आईटीआई, सिंहाडा रोड़, खण्डवा में 3 जुलाई, गुरूवार को ÷जिलास्तरीय युवा संगम÷ आयोजित किया जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खंडवा के नोडल प्राचार्य ने बताया कि प्रतिष्ठित कंपनियाँ विभिन्न पदों हेतु योग्य अभ्यार्थियों का चयन करेंगी जिन्हें योग्यतानुसार वेतन दिया जायेगा। मेले में 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिग्री, डिप्लोमा उत्तीर्ण ऐसे उम्मीदवार सम्मिलित हो सकते हैं, जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष हो। उन्होंने बताया कि जो उम्मीदवार मेले में सम्मिलित होना चाहते हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरसूद अब श्री संत बुखार दास बाबा शासकीय अस्पताल कहलाएगा

**खंडवा ।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने नगर परिषद छनेरा के प्रस्ताव के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरसूद का नामकरण ÷श्री संत बुखार दास बाबा शासकीय अस्पताल हरसूद÷ करने के आदेश जारी किए हैं।

# आईसीयू में डॉक्टर को मुक्के और कुर्सी मारी, खंडवा में महिला की हार्ट अटैक से मौत

## गुस्साए बेटे ने ईसीजी मशीन फेंककर मारी

**पीपुल्स प्रवक्ता, खण्डवा।**

खंडवा जिला अस्पताल में बुधवार सुबह इलाज के दौरान एक महिला पेशेंट की मौत हो गई। इसके बाद महिला के बेटे ने इलाज कर रहे डॉक्टर को मुक्कों से पीटा, कुर्सी और ईसीजी मशीन फेंककर मारी।

घटना के बाद डॉक्टरों ने पुलिस थाने तक रैली निकाली और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। डॉक्टरों ने बताया कि महिला गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला को आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया था

मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. रणजीत बडौले ने बताया कि 2 जुलाई की रात एक बजे 42 वर्षीय रेखा पति धीरज को हृदय संबंधी समस्या कारण इमरजेंसी वार्ड में लाया गया। प्राथमिक जांच और ईसीजी में हार्ट अटैक की पुष्टि होने पर उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया।

परिजन को मरीज की गंभीर हालत से अवगत कराया गया और हाई रिस्क कंसर्न लिया गया। सुबह 4 बजे दूसरी ईसीजी कराई गई। इसकी रिपोर्ट में कोई सुधार नहीं दिखा। डॉक्टरों द्वारा सीपीआर सहित सभी संभव प्रयास किए गए, लेकिन मरीज को बचाया नहीं जा सका।





महिला की मौत की सूचना मिलने पर परिजन भड़क गए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात जूनियर और सीनियर महिला डॉक्टरों के साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोपियों ने जूनियर रेजिडेंट कुलदीप जोशी से मारपीट की और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। नर्सिंग स्टाफ के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया।

डॉक्टरों ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

मारपीट की घटना के बाद खंडवा मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने नारेबाजी करते हुए थाना मोघट रोड तक रैली निकाली और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। डॉक्टरों ने पुलिस को घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा है।

ड्यूटी डॉक्टर कुलदीप जोशी ने बताया कि मरीज के साथ आए तीन अटेंडर में से एक ने उन पर हमला किया। आरोपी ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की, कुर्सी फेंकी और ईसीजी मशीन तोड़ दी। डॉ. जोशी ने कहा कि आईसीयू में मौजूद अन्य गंभीर मरीजों की जान को भी खतरा था।

जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने डॉक्टर्स के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण की मांग की है और आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## चालू वर्षा सत्र में जिले में 155 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड

**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

चालू वर्ष सत्र 01 जून से 02 जुलाई 2025 तक खरगोन जिले में 155 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 123.52 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 825 मीटर है। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 02 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान खरगोन तहसील में 00 मिली मीटर, गोगांव में 00 मिली मीटर, सेगांव में 00 मिलीमीटर, भगवानपुरा में 02 मिलीमीटर, भीकनगांव में 00 मिलीमीटर, झिरन्या में 10 मिलीमीटर तथा बड़वाह में 08 मिलीमीटर, सनावद में 10 मिलीमीटर, महेश्वर में 00 मिलीमीटर एवं कसरावद तहसील में 00 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार बीते 24 घंटे में खरगोन जिले में 03 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

चालू वर्ष सत्र में 01 जून से 02 जुलाई 2025 तक खरगोन तहसील में 169 मिलीमीटर, गोगावां में 116 मिलीमीटर, सेगांव में 128 मिलीमीटर, भगवानपुरा में 169 मिलीमीटर, भीकनगांव में 91 मिलीमीटर, झिरन्या में 124 मिलीमीटर, बड़वाह में 240 मिलीमीटर, सनावद में 207 मिलीमीटर, महेश्वर में 182 मिलीमीटर एवं कसरावद तहसील में 123 मीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस प्रकार चालू वर्ष सत्र में खरगोन जिले में 155 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में खरगोन तहसील में 122.20 मिलीमीटर, गोगावां में 147 मिलीमीटर, सेगांव में 171 मिलीमीटर, भगवानपुरा में 157 मिलीमीटर, भीकनगांव में 119 मिलीमीटर, झिरन्या में 94 मिलीमीटर, बड़वाह में 172 मिलीमीटर, सनावद में 72 मिलीमीटर।

## अपने मन को बदलना ही सच्ची साधना है : विश्रुतसागर जी

**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा ।**

आज का मनुष्य शंका कुशंका के दोष से घिरा हुआ है।वह अपने काम व काबिलियत पर भरोसा ही नहीं कर पा रहा है।रेडीमेड और इंस्टेंट के चक्कर मे हम प्रमादी और आलसी बनते जा रहे हैं।हम अपनी शक्ति को भूलते जा रहे हैं।जबकि प्रत्येक जीव भगवान आत्मा है और उसमें भगवान बनने की शक्ति है।उसके लिये पुरुषार्थ और कर्म तो करना ही पड़ेगा।आज हम इसी पुरुषार्थ को करने से डरते जा रहे हैं।अपने मन के परिणामो अर्थात भावों को बदलने से ही हम शुद्धता और सात्विकता को ग्रहण कर सकते है।मुनिराज भी प्रत्येक क्षण अपने मन को नियंत्रित करने का पुरुषार्थ करते है जिससे वे अपनी साधना को उच्च स्तर तक ले जाने में सफल होते हैं।

खण्डवा में चातुर्मास के निमित्त विराजमान दिगम्बर जैन संत उपाध्याय विश्रुतसागर जी ने प्रवचनमाला में यह बात कही।उन्होंने कहा कि आज हम अपने देव ,शास्त्र और गुरुओं की चर्या और शिक्षा पर भी शंका करने लगे हैं जबकि सम्यग्दर्शन की पहली पायदान ही निःशंकित अंग है।बिना किसी शंका के जिनवाणी और गुरुओं की चर्या पर श्रद्धान



बनाये रखना सम्यग्दर्शन की प्राप्ति में अति महत्वपूर्ण है।इसके लिये सम्यक रूप से पुरुषार्थ करना भी आवश्यक है।कार्य की सफलता और लाभ प्राप्ति में पुरुषार्थ के साथ ही पुण्य का उदय भी कारक होता है।देखने मे आता है कि पाप कार्य करने वाले व्यक्ति के पास धन लक्ष्मी आदि अकूत संपदा होती है वही दूसरी तरफ एक गहन धार्मिक,स्वाध्यायी,सरल,सरस् व्यक्ति अभावों में जी रहा है।इसमें दोनों व्यक्तियों का पुण्य और पाप सबसे बड़ा कारण है। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया की खंडवा नगर का सौभाग्य है कि इस वर्ष वर्षा काल चातुर्मास के लिए के लिए विश्रुत सागर एवं निवेद सागर जी महाराज का मंगल आगमन खंडवा में हो चुका है प्रतिदिन मुनि संघ के प्रवचन सर्राफा जैन धर्मशाला में चल रहे हैं। बुधवार को मुनी संध ने बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में पहुंचकर मंडल विधान की पूजा के साथ ही भगवान नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर उपस्थित होकर शांति धारा एवं निर्वाण कांड का वाचन किया।

मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष विजय सेठी ने बताया कि 4 जुलाई शुक्रवार को गणाचार्य विरागसागर जी का प्रथम समाधि दिवस पूज्य उपाध्याय विश्रुतसागर जी के सानिध्य में भक्ति भावपूर्वक मनाया जावेगा।

प्रातः 7¬00 बजे जिनेन्द्र अभिषेक,7¬30 बजे विरागसागर जी की पूजन एवम आचार्य छत्तीसी विधान होगा। प्रातः 9 बजे से मुनि श्री के प्रवचन एवम 10 बजे आहारचर्या होगी।शाम को 7 बजे आरती होगी।जैन धर्मशाला सराफा में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न मंडलो, ग्रुपों द्वारा अर्घ्य समर्पित किये जायेंगे। मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि मुनिसंघ की आहारचर्या का अवसर वन्दना अविनाश जैन एवम विजया बाई पहाड़िया परिवार को मिला।निशा पंचोलिया,प्रीति मनीष जैन रेनॉल्ड,सरिता दीपांशु जैन,रेखा महेश जैन,देवांशी जैन,अपूर्व बैनाड़ा, चिराग पाटनी, रैनी लुहाड़िया ने आहारचर्या में सहयोगी बनकर पुण्यार्जन किया।कार्यक्रम में अविनाश जैन, कांतिलाल जैन,महेश जैन,डॉ पंकज जैन,अजय जैन टिंगू, प्रेमचंद सुनील जैन, जवाहरलाल जैन,संतोष बॉस, अशोक पाटनी ,सुषमा प्रमोद जैन,सपना लुहाड़िया,सुभद्रा जैन आदि समाजजन उपस्थित थे।

## आगामी 4 जुलाई को खंडवा गौरव दिवस के संबंध में बैठक होगी

**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा ।**

गस्त को खंडवा का गौरव दिवस मनाया जायेगा। इस आयोजन की तैयारियों के संबंध में 4 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे कलेक्टोरेट सभागृह में बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गये हैं।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, खाद्य एवं औषधि निरीक्षक, के साथ सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्य, खण्डवा स्थित सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, आयुक्त नगर निगम, जिला आबकारी अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी, जिला कोषालय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी सहित सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने कमेटी ऑन रोड़ सेफ्टी की हुई बैठक



**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन ।**

जिला सड़क सुरक्षा समिति के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग करने एवं सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 01 जुलाई को कमेटी ऑन रोड़ सेफ्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा, एसडीएम श्री बीएस कलेश एवं कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय किये जाए। ब्लेक स्पॉट के रूप में चिन्हित स्थलों पर अतिक्रमण हटाने, झाड़िया हटाने, साईड सोल्डर भरने, रेडियम केट-आई लगाने, स्पीड ब्रेकर, क्रेश बेरियर, रम्बल स्ट्रीप एवं चेतावनी बोर्ड लगाने की कार्यवाही की जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा ने पावर पाईट प्रजेटेशन के माध्यम से खरगोन जिले में आने वाली सभी सड़कों पर चिन्हित ब्लेक स्पॉट की जानकारी दी और बताया कि जिन स्थानों पर पिछले 03 वर्ष में 05 से अधिक लोगों की दुर्घटना में मृत्यु हो गई है या गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

ऐसे स्थानों को ब्लेक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने संबंधित विभागों को झाड़ियों की कटाई हर महीने अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं ताकि सड़कों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने अगले 10 दिनों में साइड सोल्डर और झाड़ियों की सफाई का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है। श्रावण महिनें में कावड़ यात्रियों व राहगीरों की आवाजाही बढ़ेगी इसको ध्यान में रखते हुए साइड सोल्डर और झाड़ियों की सफाई का कार्य पूर्ण किया जाए।

## 3 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

**पीपुल्स प्रवक्ता, खण्डवा।**

कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार 3 जुलाई को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन शासकीय आई.टी.आई., खण्डवा में प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। इस मेले में प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में 300 बेरोजगार युवक एवं युवतियों की निजी क्षेत्र में भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह सिलौटे ने बताया कि आवेदक की शैक्षणिक योग्यता के अन्तर्गत 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, सभी ट्रेड में डिप्लोमा, स्नातक एंव स्नातकोत्तर डिग्री तथा आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष तक होना चाहिए। आवेदक को 8 हजार से 20 हजार रुपये वेतनमान दिया जायेगा। साथ ही अन्य सुविधाएं भी कम्पनियों के नियमानुसार दी जाऐंगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज की फोटो कॉपी, पास पोर्ट साइज के 4 फोटो, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कार्ड, के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ प्राप्त कर सकते हैं तथा इसके लिए मार्ग व्यय नहीं दिया जाएगा।

## कलेक्टर श्री गुप्ता ने खालवा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की



**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा ।**

कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बुधवार को खालवा विकासखंड के ग्राम खेड़ी के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित बैठक में खालवा विकासखंड क्षेत्र में संचालित ग्रामीण विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, एसडीएम हरसूद श्री पुरुषोत्तम कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं खालवा विकासखंड के सभी पंचायत सचिव, पटवारी तथा ग्राम रोजगार सहायक भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने रोजगार गारंटी योजना के कार्यों में धीमी प्रगति को ध्यान में रखते हुए टिगरिया और जामनिया कला के ग्राम रोजगार सहायक और पंचायत सचिवों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपस्थित पटवारियों को निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री का शेष कार्य इस माह के अंत तक पूर्ण करें। उन्होंने स्वामित्व योजना में सराहनीय कार्य के लिए पटवारियो की प्रशंसा की। कलेक्टर श्री गुप्ता ने पटवारियो को निर्देश दिए कि आधार और समग्र लिंकिंग के माध्यम से ई -केवाईसी का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराएं।उन्होंने पीएम किसान योजना में पंजीयन की गति बढ़ाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी पटवारियों को निर्देश दिए कि वह अपने मुख्यालय पर रहें। उन्होंने कहा कि यदि वे अपने हल्का मुख्यालय पर नहीं रह सकते तो विकासखंड के ही किसी अन्य पास के गांव में निवास करें। उन्होंने कहा कि सप्ताह में 2 दिन पटवारी अपने क्षेत्र की पंचायतों में बैठे और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने खालवा ब्लॉक के ग्राम रोजगार सहायक और पंचायत सचिवों से कहा कि जल शक्ति अभियान में हमारा जिला प्रथम स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रथम स्थान की रैंक को बरकरार रखने के लिए आगे भी लगातार अच्छा कार्य करना होगा। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को निर्देश दिए की हर शासकीय भवन की पक्की छत पर रूफवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाए और छत के सबसे निचले हिस्से से पानी को नीचे जमीन तक लाने के लिए पाइप फिटिंग कराएं। उन्होंने कहा कि शासकीय भवनों के साथ-साथ सरकारी कर्मचारियों के पक्के मकान तथा जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के मकानो की पक्की छत पर भी रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं, ताकि वर्षा का पानी व्यर्थ में बहकर ना जाए और पानी की एक-एक बूंद जमीन में समाकर भूजल स्तर को बढ़ाए।

## मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से रूद्र की निःशुल्क सर्जरी हुई

**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा ।**

पुनासा विकासखण्ड के ग्राम जामकोटा निवासी रुद्र पिता अजय नंद कैचर बचपन से ही बार-बार निमोनिया से ग्रसित रहता था। रुद्र के माता पिता इस प्रकार की समस्या होने पर उसे जिला चिकित्सालय खण्डवा में लाये जहां शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भूषण बांडे द्वारा रुद्र का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान रूद्र को हृदय रोग संबंधी समस्या पायी गई और रुद्र के माता पिता को इन्दौर में उपचार कराने की सलाह दी गई। जिसके बाद रुद्र को उसके परिजन द्वारा इंदौर के अरविंदो अस्पताल में दिखाया गया। जहाँ पर चिकित्सकों ने आवश्यक जाँच व ईको करने पर रुद्र के दिल में छेद होने की समस्या बताई।

अरविन्दो अस्पताल के चिकित्सकों ने गत मई माह में रूद्र का पुनः स्वास्थ्य परीक्षण किया और ऑपरेशन की सलाह दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कॉर्डिनेटर द्वारा रुद्र की सर्जरी में आने वाले खर्च का प्राक्कलन बनाकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से स्वीकृत करा कर मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत अरविंदो अस्पताल में भेजा गया। जहाँ डॉ. निश्चित भार्गव एवं डॉ. संजुक्ता भार्गव के द्वारा रुद्र के हृदय की सफलतापूर्वक निःशुल्क सर्जरी की गई। रुद्र अब पूर्णतः स्वस्थ होकर स्कूल जाने लगा है। रुद्र की माता श्रीमति नीतू ने बताया रुद्र के ऑपरेशन में लगभग 2 लाख 83 हजार रुपये का खर्चा आया है जो मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना अंतर्गत स्वीकृत होने से सर्जरी निःशुल्क हो गई। इसके लिए रूद्र की माता श्रीमति नीतू और पिता अजय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बहुत बहुत धन्यवाद देते हैं।

(फोटो संलग्न)

